उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 573/2021 दिनांक /Date.: 26/08/2021

।। कार्यालय ज्ञाप।।

विषयः–संवाद–151 दिनांक 24.08.2021 की आंशिक व्याख्या के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कार्यालय के पत्रांक–547(संवाद–151), दिनांक 24.08.2021 जो कि मानचित्रकार/प्रारूपकार के पदों हेतु शैक्षिक अर्हता में अस्पष्टता के संबंध में है।

निम्नवत् प्रस्तर में अभ्यर्थियों द्वारा शैक्षिक अर्हताओं के संबंध में स्पष्टता के संबंध में अनुरोध किया जा रहा है अतः अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ निम्न प्रस्तर के संबंध में स्थिति निम्नवत् स्पष्ट की जा रही है :–

प्रस्तर–3:–प्रारूपकार, पद कोड–388/622 में निम्न अर्हता निर्धारित की गयी है :–

'माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड से हाईस्कूल की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो एवं उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड राजकीय प्राविधिक शिक्षा परिषद् से नक्शानवीस का प्रमाण पत्र या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो'

"इसका यह अर्थ है कि सरकार से मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल या उसके समकक्ष प्रमाण पत्र हो। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश अथवा उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद से नक्शानवीस का प्रमाण पत्र(डिप्लोमा) या उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद के नक्शानवीश प्रमाण पत्र या डिप्लोमा के समकक्ष कोई प्रमाण पत्र होना चाहिए। समकक्षता के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र अभ्यर्थी को स्वयं प्रस्तुत करना होगा।"

अतः सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि संवाद–151, दिनांक 24.08.2021 में वर्णित प्रस्तर–3 की व्याख्या को उक्तवत् पढ़ा जाय।

उक्त संवाद–151, दिनांक 24.08.2021 में अंकित अन्य विवरण यथावत रहेंगे।

26/8

(संतोष बडोनी)
सचिव

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड **Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand**
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com